**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1961**
**(11 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

## उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण

**1961. श्री कंवर सिंह तंवर:**
क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दो वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में कितने आवासों का निर्माण किया गया;

(ख) अब तक आवंटित आवासीय इकाइयों का , विशेषकर अमरोहा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान इसके लिए स्वीकृत, आवंटित और जारी किए गए बजट का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवंटित धनराशि का पूर्ण उपयोग किया गया है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी)**

(क) ग्रामीण क्षेत्रों में "सभी के लिए आवास" के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए , ग्रामीण विकास मंत्रालय 1 अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) को लागू कर रहा है ताकि मार्च 2029 तक 4.95 करोड़ पात्र ग्रामीण परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त आवास उपलब्ध कराकर सहायता प्रदान की जा सकें। 06.03.2025 की स्थिति के अनुसार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 3.79 करोड़ आवास का लक्ष्य आवंटित किया

गया है , जिसमें से 3.53 करोड़ आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं और 2.71 करोड़ आवास पूरे हो चुके हैं। पिछले दो वर्षों के दौरान पीएमएवाई -जी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में निर्मित आवासों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

[इकाई संख्या में]

| राज्य का नाम | वर्ष 2022-2023 के दौरान पूरे किए जाने वाले आवास | वर्ष 2023-2024 के दौरान पूरे किए जाने वाले आवास |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 6,62,222 | 3,78,425 |

(ख) मंत्रालय राज्यों को लक्ष्य आवंटित करता है तथा आगे जिलों/ब्लॉकों/ग्राम पंचायतों को लक्ष्य आवंटित करने का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा आवंटित जिला-वार लक्ष्यों का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

अमरोहा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा आवंटित लक्ष्यों का विवरण निम्नानुसार है:-

| **संसदीय निर्वाचन क्षेत्र** | **राज्यों द्वारा निर्धारित लक्ष्य (संख्या में)** |
|---|---|
| अमरोहा * | 3,241 |

*अमरोहा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अमरोहा जिला और गढ़ मुक्तेश्वर , हापुड और हापुड जिले के सिम्भावली ब्लॉक शामिल हैं।

(ग) पीएमएवाई-जी के अंतर्गत केंद्रीय सहायता राज्य /संघ राज्य क्षेत्र को एक इकाई मानकर सीधे जारी की जाती है। इसके अलावा विभिन्न जिलों में लाभार्थियों को ये निधियां संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा जारी की जाती है। पिछले दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य को जारी केन्द्रीय अंश का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(रु. करोड़ में)

| वर्ष | मंत्रालय द्वारा जारी केंद्रीय अंश* |
|---|---|
| 2022-23 | 4,777.03 |
| 2023-24 | 2,620.93 |

*पीएम-जनमन सहित

(घ) और (ड.) पिछले दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा उपयोग की गई निधियों का विवरण निम्नानुसार है:-

(रु. करोड़ में)

| वर्ष | राज्य द्वारा उपयोग की गई निधियां* |
|---|---|
| 2022-23 | 7317.50 |
| 2023-24 | 5014.92 |

* इसमें राज्य अंश भी शामिल है

मंत्रालय पीएमएवाई-जी के अंतर्गत आवासों की निगरानी और समय पर निर्माण पूरा करने के लिए निम्नलिखित पहले कर रहा है:

i. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लक्ष्यों का समय पर आवंटन , पीएमएवाई-जी के भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि उपलब्ध कराने पर राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई।

ii. कार्यप्रवाह सक्षम लेनदेन -आधारित एमआईएस-आवास सॉफ्ट, विश्लेषणात्मक डैशबोर्ड और अन्य आईटी उपकरणों और नवीनतम एआई /एमएल तकनीकियों का उपयोग करके आवास की मंजूरी और पूर्णता की समस्या आधारित निगरानी।

iii. मंत्री/सचिव/उप महानिदेशक द्वारा नियमित समीक्षा।

iv. उच्च लक्ष्य वाले राज्यों की अलग समीक्षा।

v. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को समय पर निधियां जारी करना तथा लाभार्थियों को लाभ जारी करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना।

vi. ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण (आरएमटी) कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा , ताकि गुणवत्तापूर्ण आवासों के तेजी से निर्माण के लिए प्रशिक्षित ग्रामीण राजमिस्त्रियों का एक समूह उपलब्ध कराया जा सके।

vii. आवास+ 2024 मोबाइल ऐप सहित नए शुरू किए गए आईटी उपकरणों का उपयोग करना, जो आधार-आधारित चेहरा प्रमाणीकरण के साथ पारदर्शी लाभार्थी की पहचान सुनिश्चित करता है।

viii. निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों के बीच अच्छी प्रतिस्पर्धा और प्रेरणा पैदा करने के लिए एक विशिष्ट निष्पादन सूचकांक डैशबोर्ड का निर्माण।

**अनुबंध**

उत्तर प्रदेश में पीएमएवाई-जी के संबंध में लोक सभा में दिनांक 11.03.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1961 के भाग ख़ के उत्तर में उल्लिखित विवरण

**पीएमएवाई-जी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा आवंटित लक्ष्यों का जिलवार विवरण**

| क्र. सं | जिले | राज्यों द्वारा निर्धारित लक्ष्य [संख्या में] |
|---|---|---|
| 1. | अंबेडकर नगर | 63,362 |
| 2. | अमेठी | 82,491 |
| 3. | अयोध्या | 43,991 |
| 4. | आजमगढ़ | 1,09,288 |
| 5. | बहराईच | 1,91,247 |
| 6. | बलरामपुर | 29,018 |
| 7. | बाँदा | 1,07,043 |
| 8. | बस्ती | 60,305 |
| 9. | देवरिया | 22,452 |
| 10. | फ़तेहपुर | 1,06,830 |
| 11. | गाजीपुर | 80,537 |
| 12. | गोंडा | 79,286 |
| 13. | गोरखपुर | 61,603 |
| 14. | हरदोई | 94,067 |
| 15. | जालौन | 26,670 |
| 16. | जौनपुर | 97,650 |
| 17. | कौशांबी | 46,942 |
| 18. | खेरी | 1,62,868 |
| 19. | कुशीनगर | 52,039 |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | महाराजगंज | 63,973 |
| 21. | मिर्जापुर | 70,856 |
| 22. | प्रतापगढ़ | 1,33,038 |
| 23. | प्रयागराज | 1,55,242 |
| 24. | रायबरेली | 81,831 |
| 25. | संत कबीर नगर | 68,272 |
| 26. | श्रावस्ती | 24,701 |
| 27. | सिद्धार्थ नगर | 27,110 |
| 28. | सीतापुर | 2,42,742 |
| 29. | सुल्तानपुर | 1,30,125 |
| 30. | उन्नाव | 63,208 |
| 31. | वाराणसी | 38,378 |
| 32. | आगरा | 14,746 |
| 33. | अलीगढ | 5,437 |
| 34. | अमरोहा | 3,164 |
| 35. | औरैया | 24,929 |
| 36. | बागपत | 154 |
| 37. | बलिया | 75,007 |
| 38. | बाराबंकी | 70,839 |
| 39. | बरेली | 23,469 |
| 40. | भदोही | 38,851 |
| 41. | बिजनौर | 14,452 |
| 42. | शाहजहांपुर | 44,817 |

| | | |
|---|---|---|
| 43. | बुलन्दशहर | 3,901 |
| 44. | चंदौली | 30,628 |
| 45. | चित्रकूट | 38,336 |
| 46. | एटा | 20,314 |
| 47. | इटावा | 18,307 |
| 48. | फर्रुखाबाद | 24,754 |
| 49. | फिरोजाबाद | 12,836 |
| 50. | गौतम बुद्ध नगर | 6 |
| 51. | गाजियाबाद | 13 |
| 52. | हमीरपुर | 27,709 |
| 53. | हापुड | 91 |
| 54. | हाथरस | 2,738 |
| 55. | झांसी | 33,928 |
| 56. | कन्नौज | 33,722 |
| 57. | कानपुर देहात | 32,900 |
| 58. | कानपुर नगर | 20,690 |
| 59. | काशगंज | 5,550 |
| 60. | ललितपुर | 39,249 |
| 61. | लखनऊ | 23,367 |
| 62. | महोबा | 20,867 |
| 63. | मैनपुरी | 23,651 |
| 64. | मथुरा | 3,016 |
| 65. | मऊ | 38,280 |

| | | |
|---|---|---|
| 66. | मेरठ | 1,363 |
| 67. | मुरादाबाद | 21,328 |
| 68. | मुजफ्फरनगर | 2,575 |
| 69. | पीलीभीत | 54,782 |
| 70. | रामपुर | 13,510 |
| 71. | सहारनपुर | 7,928 |
| 72. | संभल | 13,563 |
| 73. | शाहजहांपुर | 72,488 |
| 74. | शामली | 1,230 |
| 75. | सोनभद्र | 80,520 |
| | **कुल** | **36,57,170** |